TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

T h u r s d a y

## 18 जुलाई

1. **नेल्सन मंडेला का जन्मदिन–** दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई, 1918 ई. को म्वेजो, दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। राष्ट्रपति बनने से पूर्व उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चले आ रहे रंगभेद का विरोध किया। रंगभेद और अन्याय के खिलाफ लड़ाई के चलते 27 वर्षों तक उन्हे जेल में बिताना पड़ा था। अहिंसा के रास्ते पर चलकर रंगभेद से मुक्ति दिलाने वाले मंडेला को वर्ष 1993 में शांति नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उन्हे 'दक्षिण अफ्रीका का गांधी' कहा जाता है। नवम्बर 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रंगभेद विरोधी संघर्ष में उनके योगदान को देखते हुए उनके सम्मान में उनके जन्मदिन 18 जुलाई को मंडेला दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसके अलावे उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार– भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' (1990), पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'निशान–ए–पाकिस्तान' (1992), लेनिन शांति पुरस्कार (1990), गांधी शांति पुरस्कार (2001) आदि भी मिले हैं।
2. **कादम्बिनी गांगुली का जन्म–** भारत की पहली महिला स्नातक और पहली महिला फिजीशियन कादम्बिनी गांगुली का जन्म 18 जुलाई, 1861 ई. को भागलपुर, बिहार में हुआ था। वे दक्षिण एशिया की पहली महिला है जिन्होंने यूरोपियन मेडिसिन में प्रशिक्षण लिया था। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में भाषण देने वाली प्रथम महिला होने का गौरव भी प्राप्त है।
3. **हिटलर की पुस्तक 'मेन काम्फ' प्रकाशित–** 18 जुलाई, 1925 ई. को एडोल्फ हिटलर की पुस्तक 'मेन काम्फ' यानी की 'मेरा संघर्ष' प्रकाशित की गई। इस आत्मकथा में हिटलर ने जर्मनी की पीड़ा और अपनी राष्ट्रवादी मनोवृत्तियों का जिक्र किया है। प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी की हार के बाद हजारों जर्मनीवासियों में नफरत की भावना पनप उठी जिसने नाज़ी पार्टी को जन्म दिया। वर्ष 1923 में हिटलर ने जर्मन सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रयत्न किया लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। उसपर देशद्रोह का मुकदमा चलाकर पांच साल के लिए जेल भेज दिया गया। जेल में ही उसने अपनी आत्मकथा लिखी।
4. **रॉबर्ट हुक का जन्म–** 'कोशिका' शब्द के प्रतिपादक रॉबर्ट हुक का जन्म 18 जुलाई, 1635 ई. को इंग्लैंड में हुआ। इन्होंने सुक्ष्मदर्शी का अविष्कार किया और कोशिका की खोज भी की। उन्होंने 'प्रत्यास्थता के नियम' की भी खोज की थी।

   - **संदर्भः** वर्ग सात की **विज्ञान** की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 7 **'सुक्ष्मजीवों का संसारः सुक्ष्मदर्शी द्वारा आँखों देखा'** से जोड़कर बतायें।

मधु प्रिया

# कादम्बिनी गांगुली का जन्म 18 जुलाई



कादम्बिनी गांगुली का जन्म 18 जुलाई, 1861 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। कादम्बिनी गांगुली के पिताजी का नाम बृजकिशोर बासु था। कादम्बिनी गांगुली को भारत की पहली महिला फ़िज़िशिएन कहा जाता है वह बिर्टिश भारत की पहली महिला ग्रेजुएट भी थी।भारतीय राष्ट्रिय कांग्रेस के पहले अधिवेशन में भाषण देने का गौरब भी कादम्बिनी गांगुली को ही प्राप्त है। कादम्बिनी गांगुली पहली दक्षिण एशियाई महिला थी, जिन्होंने यूरोपियन मेडिसिन में शिक्षा प्राप्त की थी। कोयला खदानों में काम करने वाली महिलाओं की लचर स्थिति देखकर इन्हें काफी धक्का लगा। इन्होने उन महिलाओं के विकास के लिए बहुत काम किया। कादंबिनी एक चिकित्सक होने के साथ साथ एक परोपकारी महिला भी थी जिन्होंने महिलाओ के अधिकार के लिए आवाज उठायी थी। जब वह विदेश से अपनी पढ़ाई पूरी करके भारत वापस आयी थी तो उन्होंने भारत की महिलाओ के अधिकार के लिए रूढ़िवादी समाज के खिलाफ अभियान चलाया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शुरुआत वर्ष 1885 से हुयी थी जिसमे महिलाओ को बोलने की अनुमति नहीं दी जाती थी । इस बात के लिए इनके पति द्वारकानाथ गांगुली शुरू से ही आवाज उठा रहे थे लेकिन साल 1889 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक में बोलने के लिए 6 महिलाये चुनी गयी थी। इन 6 महिलाओ में कादंबिनी गांगुली भी शामिल थी। कादंबिनी गांगुली की मृत्यु 3 अक्टूबर 1923 ब्लड प्रेसर के कारण हुई थी।

# जयंती विशेष 18 जुलाई

राकेश कुमार



"मनुष्य की अच्छाई उस लौ के समान है जिसे छुपाया तो जा सकता है लेकिन कभी बुझाया नहीं जा सकता।" - नेल्सन मंडेला

"दक्षिण अफ्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न

**श्री नेल्सन मंडेला जी**

की जयंती पर उन्हें सादर नमन। आपने रंगभेद और नस्लभेद जैसे अमानवीय अंधेरे को दूर करने के लिए जो अलख जगाई थी, वह सम्पूर्ण विश्व को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।"

**नेल्सन मंडेला** *Nelson Mandela*, जन्म:18 जुलाई, 1918 - मृत्यु: 5 दिसम्बर, 2013) दक्षिण अफ़्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति थे। नेल्सन मंडेला यहाँ के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने थे। उन्होंने अपनी ज़िंदगी के 27 वर्ष रॉबेन द्वीप पर कारागार में रंगभेद नीति के ख़िलाफ़ लड़ते हुए बिताए।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.07.2024

## भाषा क्षरण


'भाषा क्षरण' से तात्पर्य भाषा की व्याकरणिक और अन्य विशेषताओं में होने वाले नुकसान या परिवर्तनों से है, जो वक्ताओं द्वारा भाषाई परिवेश और भाषाई आदतों में बदलाव के कारण घटते उपयोग के परिणामस्वरूप होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला "Karakoram Highway" दुनिया के सबसे ऊंचाई पर स्थित सड़कों में से एक है। जिसकी अधिकतम ऊंचाई 4,714 मीटर है। इसे दुनिया का आठवां अजूबा भी कहा जाता है।



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक

**भारत को कब मिला था पहला ओलंपिक पदक?**

बता दें कि भारत ने ओलंपिक में पहली बार साल 1900 में भाग लिया था. जिसमें एकमात्र एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड ने दो रजत पद जीते थे. इस तरह भारत ओलंपिक में मेडल जीतने वाला पहला एशियाई देश बन गया था. वहीं ओलंपिक में पहले गोल्ड मेडल की बात करें तो साल 1928 में हुए ओलंपिक गेम्स में भारत की हॉकी टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा दिया था और व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय चैंपियन की बात करें तो वो अभिनव बिंद्रा थे, जिन्होंने साल 2008 में बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया था. इस तरह से उन्होंने पहली बार भारत को भी गोल्ड मेडल दिलवाया था.

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



विश्व में रंगभेद का विरोध करने के प्रतीक , भारत रत्न एवं नोवेल पुरस्कार से सम्मानित, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति

## नेल्सन मंडेला

की जयंती पर सादर नमन।

18 जुलाई 1918 – 5 दिसम्बर 2013


www.teachersofbihar.org

Madhu priya

भारत की प्रथम महिला डॉक्टर,
पहली स्नातक

# कादम्बिनी गांगुली

की जयंती पर सादर नमन।



जन्म- 18 जुलाई 1861
मृत्यु- 3 अक्टूबर 1923

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## ज्ञानपीठ पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त बंग्ला साहित्यकार

# विष्णु डे

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 18 जुलाई 1909 - मृत्यु - 03 दिसंबर 1982

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की
स्टार बल्लेबाज

## स्मृति श्रीनिवास मन्धाना

को जन्मदिन की अनंत
शुभकामनाएं एवं बधाइयां।

18 जुलाई 1996



HAPPY BIRTHDAY!!

www.teachersofbihar.org

Madhu priya